निजी स्कूलों की मनमानी अभिभावकों की जेब पर भारी

निजी स्कूल अभिभावकों से स्कूल से वर्दी और किताबें लेने का दबाव बना रहे, स्कूल फीस में भी इस बार काफी बढ़ोतरी की गई

जागरण पड़ताल

टीडी शिवा • जागरण

गुरुग्राम: सदस्य सिटी में निजी स्कूल जमकर अभिभावकों की जेब पर फरसा लगा रहे हैं। निजी स्कूल अभिभावकों से स्कूल से ही वर्दी और किताबें आदि लेने का दबाव बना रहे हैं। इससे अभिभावकों को आर्थिक तौर पर परेशानियों का सामना करना पड़ रहा है।

मंगलवार को निजी स्कूलों में दाखिले के संबंध में पड़ताल की गई। इसमें निजी स्कूल संचालक अभिभावकों से स्कूल से ही स्कूल की वर्दी और किताबें लेने के लिए कहते दिखाई दिए। इसके अलावा निजी स्कूल संचालकों द्वारा स्कूल फीस में भी जमकर बढ़ोतरी की गई है। अभिभावकों का कहना है कि जिला शिक्षा विभाग हर वर्ष की तरह इस वर्ष भी निजी स्कूल पर नकेल कसने में नाकामयाब है। विभाग को इस संबंध में सख्त होने की जरूरत है।

एक अप्रैल से जिले के सभी सरकारी और निजी स्कूलों में दाखिला प्रक्रिया शुरू हो गई है। अभिभावक अपने बच्चों का दाखिला कराने के लिए सरकारी और निजी स्कूल पहुंच रहे हैं। अभिभावक दाखिले के साथ-साथ बच्चों के लिए किताब- कापी, वर्दी और अन्य सामान भी खरीद रहे हैं। मंगलवार को सदर बाजार में अभिभावकों की अच्छी खासी संख्या दुकानों से किताब- कापी, वर्दी आदि खरीदती नजर आई।

स्कूल का फीस स्ट्रक्चर •

स्कूल का फीस स्ट्रक्चर •

निजी पब्लिशरों की किताबें लगाना गैरकानूनी

जिला शिक्षा विभाग के अनुसार कोई भी स्कूल संचालक किसी भी अभिभावक से स्कूल से ही किताबें और वर्दी खरीदने के लिए दबाव नहीं बना सकता, परंतु शहर के निजी स्कूलों में धड़ल्ले से यह बाजार चल रहा है। इसके अलावा स्कूलों ने अपने-अपने नियम बनाए हुए हैं। कोई अप्रैल से तो कोई जनवरी के बाद से एनसीईआरटी की किताबों से पढ़ाई करवाता है। नियमों के अनुसार विद्यार्थियों को एनसीईआरटी की किताबें पढ़ाई जानी चाहिए। स्कूल संचालकों से पता चला कि एनसीईआरटी की किताबों से निकल देनेवाला नहीं होती इसलिए सब्सीडेट किताबें लगानी पड़ती है।

मनमाने दाम पर बेची जा रहीं किताबें

सदर बाजार स्थित किताबों की दुकान पर कहीं भी निजी पब्लिशरों की किताबें नहीं मिलीं, वहीं स्कूलों में निजी पब्लिशरों की किताबें ही पढ़ाई जा रही हैं। ऐसे में अभिभावकों को मजबूरी में स्कूल से ही किताबें लेनी पड़ती हैं। एक सेट किताबों की कीमत 5000 से अधिक है। इसके अलावा एक सेट ड्रेस की कीमत 2000 से अधिक है। इसके चलते अभिभावकों पर तगड़ी चपत है।

निजी स्कूल संचालक हर तरह अभिभावकों का इसी तरह से शोषण करते हैं। शिक्षा विभाग स्कूलों पर नकेल कसने में नाकामयाब है। अभिभावकों को भी बच्चे पढ़ाने होते हैं, ऐसे में वह भी कुछ नहीं कर पाते। शिक्षा विभाग को सख्त होने की जरूरत है।
-अंशी शर्मा, डिरेक्टर, हरियाणा अभिभावक एकता संघ

मेरा बच्चा पांचवीं क्लास में आया। स्कूल वालों ने स्कूल से ही किताबें लेने के लिए कहा है। किताबें बहुत मंहगी है।
-कपिल, अभिभावक

स्कूल वालों ने फीस में एक साथ बहुत बढ़ोतरी कर दी है। अधिक तौर पर परेशानी होती।
- माया, अभिभावक

निजी स्कूल संचालक किसी भी अभिभावक को स्कूल से किताबें और वर्दी लेने के लिए नहीं कह सकते हैं। यह गैरकानूनी होता है। यदि शहर में ऐसे स्कूल हैं तो उन पर कार्रवाई की जाएगी। अभी तक किसी भी स्कूल के खिलाफ शिकायत नहीं आई है।
-सुदेश यादव, जिला शिक्षा अधिकारी, गुरुग्राम

दोपहर 12 बजकर 27 मिनट पर : सुबह 12 बजकर 27 मिनट पर सदर बाजार स्थित एक स्कूल में एक विद्यार्थी के दाखिले के लिए गए। वहां स्कूल संचालकों द्वारा पहले एक फॉर्म भरवाया गया। स्कूल फीस के संबंध में पूछने पर पता चला कि दूसरी कक्षा के विद्यार्थी के दाखिले फीस के साथ- साथ डेवलपमेंट चार्ज, ट्रांसपोर्ट फीस, एक्टिविटी एडवांस चार्ज आदि देना होगा। इसके अलावा स्कूल की ड्रेस और किताबें भी स्कूल से ही खरीदनी होंगी। अगर आप बाहर से किताबें खरीदते हैं, तो वह आपको वापस नहीं मिलेंगी।

दोपहर एक बजकर 30 मिनट पर : सुबह एक बजकर 30 मिनट पर सदर बाजार के एक दूसरे स्कूल में दाखिले के लिए गए। वहां स्कूल संचालकों ने बताया कि दूसरी कक्षा के विद्यार्थी के लिए दाखिले फीस के साथ- साथ ट्रांसपोर्ट फीस देनी होगी। यहां भी किताबें और वर्दी स्कूल से ही खरीदनी होंगी।

दोपहर दो बजकर 25 मिनट पर : दोपहर 2 बजकर 25 मिनट पर सेक्टर-15 स्थित एक स्कूल में दाखिले के लिए गए। वहां दूसरी कक्षा के विद्यार्थी के लिए एडवांस चार्ज, ट्रांसपोर्ट फीस, एग्जाम फीस सहित अन्य फीस को वन टाइम पर जमा करने की बात कही गई। यहां भी स्कूल की ड्रेस और किताबें स्कूल से ही लेनी पड़ेगी कहा गया। इसके अलावा एक फ्री स्कूल की भी पड़ताल की गई। यहां भी पहले तीन स्कूलों जैसी ही स्थिति रही। फिलहाल इस ओर ध्यान दिए जाने की जरूरत है।

एमडीआइ के दीक्षा समारोह में 689 विद्यार्थियों को मिली डिग्री

सेक्टर-17 स्थित मैनेजमेंट डेवलपमेंट इंस्टीट्यूट (एमडीआइ) में वार्षिक दीक्षा समारोह को संबोधित करते मिनिस्ट्री ऑफ पावरेस के डिपार्टमेंट ऑफ फाइनेंशियल सर्विस के सेक्रेट्री अहारएस एम. नागराजू • सौजन्य : एमडीआइ

डि. गुरुग्राम : सेक्टर-17 स्थित मैनेजमेंट डेवलपमेंट इंस्टीट्यूट (एमडीआइ) में वार्षिक दीक्षा समारोह का आयोजन किया गया। इसमें 689 पोस्ट ग्रेजुएट डिप्लोमा इन मैनेजमेंट कोर्स के विद्यार्थियों को डिग्री दी गई। मुख्य अतिथि के रूप में मिनिस्ट्री ऑफ फाइनेंस में डिपार्टमेंट ऑफ फाइनेंशियल सर्विस के सेक्रेट्री अहारएस एम. नागराजू ने शिरकत की।

उन्होंने विद्यार्थियों को कोर्स पूरा करने पर बधाई दी और भविष्य में बेहतर करने की शुभकामनाएं दीं। एमडीआइ के डायरेक्टर डी. अरविंद सहाय ने बताया कि इंस्टीट्यूट में पेट्रोलियम ह्यूमन रिसोर्स, बिजनेस मैनेजमेंट, इंटरनेशनल मैनेजमेंट, बिजनेस एनालिटिक्स और बिजनेस कोर्स कराए जाते हैं। समारोह में वहां सेंटर फार फाइनेंशियल सर्विसेज इन इंडिया की स्थापना की घोषणा की।

सोहना के विकास को लेकर विधायक ने पार्षदों और अधिकारियों से किया विमर्श

सतीश महाशोधी, जागरण • सोहना : सोहना शहर के विकास को लेकर स्थानीय विधायक तेजपाल तंवर ने सोहना पब्लिक स्कूल पर पार्षदों व अधिकारियों के साथ मंथन किया। उन्होंने एक-एक बिंदु के जरिए अधिकारियों से सवाल-जवाब करते हुए कहा कि जब तक शहर को अतिक्रमण से मुक्ति नहीं मिलेगी तब तक यह सुंदर नहीं दिखेगा। विधायक शहर के विकास का पूरा ब्लूप्रिंट पार्षदों के सामने रखकर उनका उनका सहयोग मांगा।

विधायक ने नगर परिषद के अधिकारियों से स्पष्ट शब्दों में कहा कि एक सप्ताह के भीतर शहर अतिक्रमण मुक्त और साफ सुथरा नजर आना चाहिए। किसी तरह की कोई कोताही बर्दाश्त नहीं होगी। उन्होंने परिषद के अधिकारियों से कहा कि कर्मचारी जनता के सेवक हैं। सेवक बनकर जनता का काम करें। उनको कामचोर नहीं कामी कर्मचारी चाहिए। सरकार ने जनता के लिए ही कर्मियों की नियुक्ति की है, फिर जनता धक्के क्यों खाए? सरकार उनको उनकी काबिलियत की पगार देती है, इसलिए काम करें। ईमानदारी से अपनी जिम्मेदारी निभाएं।

विधायक ने पार्षदों से कहा कि वे खुद शहर की छोटी सरकार हैं। अपने वार्ड के काम की सूची बनाकर लाएं। उनके हर वार्ड के सम्पूर्ण कार्य प्राथमिकता से होंगे। शहर में आम रास्ते एवं चारागाह नालों से अतिक्रमण हटेगा। वह शहर का सुंदरीकरण चाहते हैं। चार-चार पार्षदों की कमेटी बनाएं। अपने सुझाव दें, विकास कार्यों में उनका पूरा सहयोग होगा। कमेटी की सलाह से शहर में काम होंगे। छोटी-छोटी बातों को भूलकर विकास पर ध्यान दें। विधायक ने परिषद के पदाधी से परिषद की भूमि की स्टेटस रिपोर्ट मांगी ताकि भूमि पर अवैध कब्जों को हटाया जा सके। बैठक में परिषद अध्यक्ष प्रीति चंगाड़ी के प्रतिनिधि राजेश चंगाड़ी, पार्षद हरीश नंदा, होरा प्रधान, सतो पार्षद, मनोज अग्रवाल, नितिन यादव, परविंदर यादव, राकेश कुमार के साथ ही परिषद की कार्यकारी अधिकारी सुमनलता आदि मौजूद रहे।

सोहना शहर के विकास को लेकर सोहना पब्लिक स्कूल पर पार्षदों व अधिकारियों के साथ मंथन करते विधायक तेजपाल तंवर • जागरण

मतदाता सूची की तैयार की समीक्षा

डि. गुरुग्राम : जिले की 17 पंचायतों में होने वाले उपचुनाव को लेकर मतदाता सूची तैयार करने का काम शुरू कर दिया गया है। अब तक की तैयारी की समीक्षा मंगलवार को राज्य निर्वाचन आयोग के सचिव योगेश मेहता ने वीडियो कान्फ्रेंस के माध्यम से की।

चंदाहापुर के एसडीएम अंकित चौकसे ने बताया कि पंचायतीराज संस्थाओं की मतदाता सूची तैयार करने के लिए एक समयबद्ध कार्यक्रम जारी किया गया है। 10 अप्रैल तक वार्ड अनुसार मतदाता सूची का प्रारूप तैयार किया जाएगा। इसके बाद 11 अप्रैल को ड्राफ्ट प्रकाशन किया जाएगा। दावे और आपत्तियां 18 अप्रैल तक दर्ज की जाएंगी, जिनका निपटारा 22 अप्रैल तक होगा। अप्रील दावा करने की अंतिम तारीख 25 अप्रैल है और अप्रैल का निपटारा तक मई तक होगा। अंतिम मतदाता सूची 13 मई को प्रकाशित की जाएगी। इसको विकासखंड पंचायत चुनाव की तैयारी के रूप में देखा जा सकता है।

स्वजन, साहित्यकारों की उपस्थित में डा. गोयनका को अंतिम विदाई दी

डा. कमल किशोर गोयनका की पत्नी कुसुम को ढांढस बंधाते लोग • एए प्रसाद बिष्ट

जागरण संवाददाता, नई दिल्ली: मुंशी प्रेमचंद के साहित्य को संजोने वाले प्रख्यात साहित्यकार डा. कमल किशोर गोयनका का बुधवार को निगम बोध घाट पर उनके स्वजन, साहित्यकार मित्रों और प्रशंसकों की उपस्थिति में अंतिम विदाई दी गई। उनकी पत्नी कुसुम गोयनका की मौजूदगी में उन्हें उनके बड़े पुत्र संजय गोयनका और छोटे पुत्र राहुल गोयनका ने मुखाग्नि दी। इस मौके पर साहित्य जगत की हस्तियां, दिल्ली विश्वविद्यालय के सहयोगियों और शोध छात्रों ने उन्हें भावभीनी श्रद्धांजलि दी। उनके बड़े बेटे संजय गोयनका ने बताया कि उनके पिता 87 वर्षीय डा. कमल किशोर गोयनका को सांस लेने में तकलीफ होने के कारण नौ मार्च को फोर्टिस अस्पताल में भर्ती कराया गया था। मंगलवार को उन्होंने अंतिम सांस ले ली। डा. गोयनका फुलंदाजार के रहने वाले थे।

रामपुरा गांव में सामुदायिक केंद्र बनाने को तलाशी जाएगी जमीन

मानेसर नगर निगम के गांव रामपुरा का दौरा करने पहुंचीं नगर निगम मानेसर की मेयर डा. इंदरजीत कौर यादव • जागरण

जागरण संवाददाता, मानेसर : नगर निगम मानेसर की मेयर डा. इंदरजीत कौर यादव ने बुधवार को वार्ड 16 के रामपुरा गांव का दौरा किया। मेयर ने गांव के जोहड़ की सफाई कराने के निर्देश निगम अधिकारियों को दिए। साथ ही ग्रामीणों की सामुदायिक केंद्र बनाने की मांग को पूरा करने के लिए अधिकारियों को वार्ड में जमीन तलाशने को कहा।

मेयर डा. इंदरजीत कौर यादव के साथ नगर निगम के अतिरिक्त आयुक्त जितेंद्र कुमार भी मौजूद रहे। मेयर ने कहा कि निगम क्षेत्र में शामिल सभी गांवों में समानता से विकास कार्य कराए जाएंगे। गांव की जरूरतों के हिसाब से पार्षदों का सहयोग लेकर ही कार्य होंगे। नगर निगम के काम को सुचारु रूप से चलाने के लिए प्रत्येक सप्ताह दो वार्ड पार्षदों के साथ मेयर कार्यालय में बैठक की जाएगी। इस दौरान वार्ड की समस्या और समाधान पर चर्चा की जाएगी। पार्षद प्रवीण यादव ने मेयर को बताया कि गांव के बीच में स्थित जोहड़ को लंबे समय से सफाई नहीं हुई है। वर्षा के मौसम में जोहड़ का पानी ओवरफ्लो होकर घरों में भर जाता है। गंदे पानी के कारण यहां मच्छरों मच्छर पनपते हैं। इस पर मेयर ने निगम अधिकारियों को निर्देश देते हुए कहा कि जोहड़ की सफाई करके इसमें केमिकल का छिड़काव किया जाए, ताकि आसपास के निवासियों को परेशान न होना पड़े। उनके नगर निगम के एसडीओ अनिल मलिक, जेई अनदीप मलिक, एसएसआइ विजय कौशिक, दिनेश यादव, नरेंद्र यादव, पूर्व सरपंच सुरेंद्र यादव, पूर्व सरपंच विजय, ओम प्रकाश थे।

वाइक पर लगी हुई थी फर्जी नंबर प्लेट, आरोपित गिरफ्तार

जासं, पेथाड़ी: थाना माहल टाउन पुलिस ने फर्जी नंबर प्लेट लगाई हुई पेशी की बाइक के साथ एक आरोपित को पकड़ा है। आरोपित की पहचान दूधे के जिला देवरिया के गांव सलारी बाजार के रहने वाले आलोक सिंह के रूप में हुई है। पुलिस ने आरोपित से पेशी की बाइक बरामद कर ली है।

पुलिस के अनुसार गत एक अप्रैल को थाना माहल टाउन की बाइक पर तैनात सिपाही आजाद सिंह व एसआरओ सतीश ने शहर के मोहल्ला राजीव नगर (पक्का पानी) में एक बाइक को जांच के लिए रोका तो चालक ने अपना नाम आलोक सिंह बताया। पुलिस ने बाइक के नंबर की जांच की, तो उसमें इंजन व चेसिस नंबर किसी कार के पाए गए। जांच में पता चला कि उक्त बाइक के संबंध में थाना माहल टाउन रेवाड़ी में चोरी का मामला दर्ज है। इस पर पुलिस ने बाइक को कब्जे में लेकर आरोपित के खिलाफ थाना माहल टाउन में जालसाजी का मामला दर्ज करके आरोपित आलोक को गिरफ्तार कर लिया है। पुलिस ने आरोपित को अदालत में पेश करके न्यायिक हिरासत में भेज दिया है। पुलिस की इस कार्रवाई के कारण वहां मौके पर अफरा-तफरी का माहौल बना रहा। लोग बाद में इसकी चर्चा करते भी नजर आए। पुलिस मामले की जांच कर रही है।

मंडियों में गेहूं की आवक शुरू, सरसों की खरीदारी तेज

गुरुग्राम की विभिन्न मंडियों में शुरू हुई गेहूं की आवक • जागरण

जागरण संवाददाता, गुरुग्राम: सरसों के साथ ही मंडियों में गेहूं की आवक भी शुरू हो गई है। मंगलवार को 202.40 एमटी गेहूं की आवक हुई। सरसों की अब तक जिले में कुल 12585.50 मीट्रिक टन सरसों की खरीदारी हो चुकी है। इसमें से 5691 मीट्रिक टन सरसों की लिफ्टिंग पूरी हो चुकी है। शेष लिफ्टिंग का कार्य तेज किया जा रहा है।

उपचुनाव अजय कुमार ने बताया कि खरीद एजेंसियों से कहा है कि किसानों को समय पर भुगतान किया जाए, ताकि उन्हें आर्थिक परेशानियों का सामना न करना पड़े। लिफ्टिंग कार्य में तेजी लाई जाए, ताकि मंडियों में जगह की कमी न हो। किसानों से कहा जा रहा है कि वे अपने अनाज को सब मानकों के अनुसार सुखाकर ही मंडियों में लेकर आएं, ताकि उनकी उपज बिना किसी रुकावट के खरीदी जा सके। अधिकारियों को कहा गया है कि मंडियों में किसी भी प्रकार की अव्यवस्था न हो और सभी कार्य सुचारु रूप से संपन्न किए जाएं। जिला प्रशासन खरीद प्रक्रिया को सुचारु रखने के लिए लगातार निगरानी कर रहा है। यह सुनिश्चित किया जा रहा है कि किसानों को उनकी उपज का सही मूल्य समय पर मिले और उन्हें किसी प्रकार की असुविधा का सामना न करना पड़े। यह दें कि जिले की सोहना, पटौदी एवं चंदाहापुर मंडी में अपनी फसल लेकर प्रतिदिन हजारों किसान पहुंच रहे हैं। किसानों की मांग है कि खरीदारी में तेजी लाई जाए। किसान कल्याण के अध्यक्ष राव मान सिंह का कहना है कि फिलहाल मौसम ठीक है। कई बार अचानक मौसम खराब हो जाता है। इसे देखते हुए खरीदारी में तेजी लाई जाए।

अजय कुमार, जिला उपचुनाव गुरुग्राम

मनीष अग्रवाल बनाए गए क्रेडाई हरियाणा चैप्टर के अध्यक्ष

जासं, गुरुग्राम: कंफेडरेशन आफ रियल एस्टेट डेवलपर्स एसोसिएशन आफ इंडिया (क्रेडाई) के हरियाणा चैप्टर की नई कार्यकारिणी का चुनाव नई दिल्ली स्थित पीएचडी हाउस में संपन्न हुआ। इसमें मनीष अग्रवाल को अध्यक्ष, ललित जैन, पंकज गोयल एवं पंकज सिंगला को उपाध्यक्ष, अंकित गोयल को सचिव, अनुभव जैन को संयुक्त सचिव एवं आशीष गुप्ता को कोषाध्यक्ष चुना गया।



मनीष अग्रवाल

नवनिर्वाचित अध्यक्ष मनीष अग्रवाल ने कहा कि टीम अधिकारियों, उद्योग हितधारकों और होमबायर्स के साथ सक्रिय रूप से संवाद स्थापित कर प्रक्रियाओं को सुगम बनाने, नैतिक व्यावसायिक प्रथाओं को बढ़ावा देने और रियल एस्टेट विकास में आने वाली चुनौतियों को दूर करने का प्रयास करेगी। प्रमुख लक्ष्य हरियाणा को रियल एस्टेट विकास के लिए एक आदर्श राज्य बनाना है, जहां पारदर्शिता, दक्षता और निवेश-अनुकूल वातावरण हो। वहीं सामंजस्य, पुनर्विकास योजना के विकास और सतत निर्माण को प्राथमिकता देंगे।

प्रदीप वशिष्ठ बने ठेकेदार यूनियन के अध्यक्ष

जासं, मानेसर : नगर निगम मानेसर में कार्य करने वाले ठेकेदारों ने बुधवार को बर्कतपुर गांव में बैठक की। इसमें ठेकेदार नगर निगम मानेसर वेलफेयर एसोसिएशन का गठन कर प्रदीप वशिष्ठ को अध्यक्ष चुना गया। उनके साथ सुरेंद्र तावडेकर को चेयरमैन चुना गया। इस दौरान अध्यक्ष प्रदीप वशिष्ठ ने कहा कि एसोसिएशन ठेकेदारों के हितों के लिए कार्य करेगी। इसके साथ ही सामाजिक कार्यों में भी एसोसिएशन भाग लेगी और सामाजिक कल्याण के कार्य करेगी। एसोसिएशन अधिकारियों के साथ मिलकर कार्य करेगी। अध्यक्ष चुने जाने पर सभी ठेकेदारों ने प्रदीप वशिष्ठ को बधाई दी।

एसी में आग लगने को सतर्कता से रोकें

जागरण संवाददाता, नई दिल्ली: गर्मियों में एसी में आग लगने का खतरा ओवरलोडिंग, खराब रखरखाव और तकनीकी खामियों से बढ़ता है। नियमित देखभाल, सही तरीके से लगाने और सावधानी रखते हुए इस जोखिम को कम किया जा सकता है। समय पर कदम उठाकर न केवल संपत्ति, बल्कि जानमाल की सुरक्षा भी सुनिश्चित की जा सकती है।

विशेषज्ञों के अनुसार एसी के इंस्टालेशन में कुछ सावधानी और सतर्कता को अपनाकर इस गर्मी में एसी की ठंडी-ठंडी हवा ले जा सकती है। तात्कालिक इसके लिए सतर्क रहने की जरूरत है।

आग लगने के कारण

अधिक लोड : गर्मियों में एसी का लगातार इस्तेमाल बिजली के सर्किट पर दबाव डालता है, जिससे वायरिंग में शार्ट सर्किट हो सकता है।

खराब रखरखाव : धूल, गंदगी या फिल्टर की सफाई न होने से मोटर अधिक गर्म हो सकती है।

कमजोर वायरिंग : पुरानी या निम्न गुणवत्ता वाली वायरिंग गर्मी में पिघल सकती है, जिससे आग लगने की आशंका बढ़ जाती है।

रेफ्रिजरेंट लीक : गैस रिसाव से दबाव बढ़ता है, जिससे कंप्रेसर में आग लग सकती है।

खराब इंस्टालेशन : गलत तरीके से लगाया गया एसी सिस्टम असुरक्षित हो सकता है।

उच्च तापमान : गर्मियों में तापमान बढ़ाने से बाहरी यूनिट ओवरहीटिंग होती है।

कई मामलों में विशिष्ट ज्वलनशील गैस की रिफ्रिजिरेंट की जगह भरी जाती है।

बचाव के उपाय

नियमित सर्विसिंग : हर सीजन से पहले एसी की सफाई और रेफ्रिजरेंट करवाएं।

सही वायरिंग : मानक केबल और सर्किट ब्रेकर का उपयोग करें।

लोड प्रबंधन : एक साथ कई उपकरणों को एक सर्किट से न चलाएं।

डीटीएलएल : बाहरी यूनिट के आसपास हवा का प्रवाह सुनिश्चित करें।

अग्निशमन सुरक्षा : घर में अग्निशामक यंत्र रखें और धुआं डिटेक्टर लगाएं।

उपयोग में सावधानी : लगातार एसी न चलाएं, बीच-बीच में विराम दें।

सपा सांसद की सदस्यता रद करने की मांग

डि. गुरुग्राम : वीर तिरोमणि राणा सांगा के मामले में अपशब्द बोलने का आरोप लगाते हुए राजपूत महासभा गुरुग्राम ने सपा सांसद रामजीलाल सुमन की सदस्यता रद करने की मांग उपराष्ट्रपति जगदीप धनखड़ से की है। माफी मांगने की भी मांग की है।

इस मामले में महासभा ने उपराष्ट्रपति के नाम नायब तहसीलदार को ज्ञापन सौंपा है। महासभा ने कहा है कि सपा सांसद ने महापुरुषों का अपमान किया है। अगर से कोई महापुरुषों का अपमान न करे, इसके लिए सख्त कार्रवाई उजागर है। ज्ञापन सौंपने वालों में महासभा के अध्यक्ष अरुण चौहान, अजयपाल सिंह चौहान, ठाकुर संदीप सिंह, विनोद चौहान, ठाकुर संदीप सिंह, विनोद चौहान, ठाकुर संदीप सिंह, विनोद